दर्दनाक | राजस्थान से पार्थिव शरीरों को लेकर आज सुबह जबलपुर पहुंचेगी एम्बुलेंस, कफन में लिपटी अपनों की लाशें

# पांच शवों को देख कांपी रूह, सिसकियों के बीच 800 किमी का सफर

**बेसुध परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़, घरों में सन्नाटा**

**नवभारत,जबलपुर।** राजस्थान में हुए एक्सीडेंट के बाद जबलपुर में रहने वाले पांच परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीन जिगरी यारों समेत पांच की मौत से मातम पसरा हुआ है। शहर से रवाना होकर रविवार सुबह जयपुर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में उनके अपनों का पीएम हुआ इसके बाद शवों को उनके सुपुर्द कर दिया गया। एक साथ अपनों की लाशें देख परिजनों की रूह काप उठीं थी चीत्कार मच गई। परिजन शवों से लिपटकर रोते बिलखते रहे। दोपहर में राजस्थान से जब अपनों के पार्थिव शरीर लेकर परिजन वहां से रवाना हुए तो सिर्फ चीखें और सिसकियां थीं। लगभग 800 किमी का सफर अपनों की लाशें कफन में लिपटीं थी। मृतकों के माता पिता बेसुध है। पथराई आँखें से ईश्वर से सवाल कर रहे थे। वहीं जिस घर में अपनों के आने की खुशियों की



आहट होनी थी, वहाँ आज भारी सन्नाटा पसरा हुआ है। शहर के नक्षत्र नगर, मदर टेरेसा, कटंगी रोड , खेरमाई मंदिर के पास, सदर में मातम पसरा हुआ है।

आज सुबह शवों को लेकर एसी एम्बुलेंस जबलपुर पहुंचेगे इसके बाद पांचों शवों का अंतिम संस्कार होगा। विदित हो कि तीन जिगरी यार समेत पांच लोग जबलपुर से उज्जैन घूमने गए थे वहां से अचानक खाटू श्याम जाते समय उनकी कार राजस्थान के चाकसू में शनिवार सुबह पांच बजे कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई थी। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले मदर टेरेसा कटंगी रोड निवासी अनुराग रजक (24), पीयूष राय (26), राहुल रजक जिगरी यार थे ।कार अनुराग चला था। दोस्तों के साथ रेशमा श्रीवास्तव (55) निवासी नक्षत्र नगर एवं उनका मुंहबोला भतीजा शानू सुकलवारे (25) सदन निवासी भी साथ में था। उनकी कार जयपुर की ओर से जैसे ही चाकसू में टिगरिया मोड़ के पास पहुंची थी तभी वहां खड़े एक ट्रेलर से उनकी टक्कर हो गई थी। हादसे में पांचों की मौत हो गई थी। धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान रेशमा श्रीवास्तव ने ही बनाया था। 12 फरवरी को सभी लोग कार से उज्जैन पहुंचे थे वहां श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए थे इसके बाद 13 फरवरी की रात वे खाटू श्यामजी के लिए रवाना हुए थे जो उनका अंतिम सफर रहा। इस हादसे के बाद परिजनों का रो रोककर बुरा हाल है वे इस बात पर यकीन ही नहीं कर पा रहे कि जो बच्चे मुस्कुराते हुए घरों से निकले थे वे अब इस दुनिया में नहीं रहे है। वहीं चाकसू पुलिस ने ट्रेलर ड्राइवर सत्यनारायण को गिरफ्तार कर लिया है।

### सुबह 8 :30 बजे पीएम, ढाई बजे सौंपा शव

जयपुर के चाकसू थाना प्रभारी मनोहर लाल ने बताया कि परिजन सुबह जबलपुर से पहुंच गए थे उनकी मौजदूगी में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे पीएम हुआ ।इसके बाद दोपहर ढाई बजे के आसपास शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। सफर 800 किमी का है ।सुबह चार से पांच बजे तक वे जबलपुर पहुंचेंगे।

### एक एसी एम्बुलेंस में पांच शव

जिगरी यारों ने साथ जिया और साथ ही दुनिया को अलविदा कहने के बाद भी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। रविवार को उनके शवों को एक साथ एक ही एसी एम्बुलेंस में रखकर जबलपुर के लिए रवाना किया गया है।

### परिवार का छिना सहारा, गर्भवती पत्नी बेसुध

मृतक शानू के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है, उस पर मां और छोटे भाई हर्ष समेत परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी थी। वहीं अनुराग रजक की पिछले साल ही शादी हुई थी। गत वर्ष ही जनवरी में उसने वैवाहिक वर्षगांठ मनाई थी। उसकी पत्नी गर्भवती है जो बेसुध है। दुनिया में आने के पहले हीअनुराग के बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है ।

### बेटियों के सिर से उठा मां का साया

मृतक रेशमा श्रीवास्तव के पति अलिखेश श्रीवास्तव भारतीय जीवन बीमा नगर निगम से सेवानिवृत्त है ।उनकी पत्नी शिक्षिका थी। उनकी दो बेटियां पलक-पूजा थी। जिनके सिर से मां का साया उठ गया है।

### दो छोटे बच्चे, पत्नी रह गए अकेले

मृतक राहुल रजक सब्जी बेचता था। पत्नी सपना और राहुल के बीच में घटना के पहले बात भी हुई थी लेकिन यह पति-पत्नी के बीच में आखिरी बातचीत थी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। राहुल की मौत के बाद उसके दो मासूम बच्चे, पत्नी अकेले रह गए है।

# भाजपा जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष की कुर्सी के लिए जोर शुरू

**भोपाल से दिल्ली तक लगाया जाने लगा जुगाड़**

**राजनीतिक संतुलन और संगठनात्मक समीकरण को ध्यान में रखकर होगी नियुक्ति**

**दावेदारों ने ठोंकी दावेदारी**

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का अध्यक्ष पद आगामी नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनावों की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। ऐसे में यह नियुक्ति केवल संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीतिक रणनीति और सामाजिक संदेश का संकेत भी होगी। जबलपुर में भाजयुमो के नए अध्यक्ष कौन होगा इस पर राजनैतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। उधर संगठन के दावेदार अपने-अपने चहेतों के साथ भोपाल से दिल्ली के आला नेताओं के दरबार में दस्तक देने में जुट गए हैं। विदित हो कि प्रदेश संगठन को जल्द ही जिलों में अध्यक्ष पद की नियुक्ति करना है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों पहले जबलपुर आए प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के सामने अनेक नेताओं ने खामोशी से शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपनी दावेदारी भी जताई तो वहीं कई दावेदारों ने एक-दूसरे को खुद से बेहतर बताने के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर को पोस्टर-बैनर के माध्यम से आकर्षित करने का प्रयास किया। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है दावेदार अपने अपने तरीके से अध्यक्ष पद पाने के जुगाड़ में जुट गए हैं। खबर है कि संगठन के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दरबार में शरण के साथ कई दावेदारों ने संघ कार्यालय केशव कुटी की भी शरण ली है।

लेकिन संगठन के जानकारों का स्पष्ट संदेश है कि भाजयुमो अध्यक्ष पद की दौड़ सिर्फ शक्ति प्रदर्शन तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसके पीछे राजनीतिक संतुलन और संगठनात्मक समीकरण भी अहम भूमिका निभाएंगे।

### इन दावेदारों के बीच है कड़ा मुकाबला

जानकारी के अनुसार दावेदारों में भाजपा युवा मोर्चा के ईशान नायक,पूर्व विधानसभा से युवा मोर्चा के मंत्री रविन्द्र तिवारी , उत्तर मध्य विधानसभा से महामंत्री रौनक अग्रवाल, पश्चिम विधानसभा से उपाध्यक्ष शुभम अरिहंत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय रोहाणी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से रोहन वैद्य के नाम सामने आए हैं जिनमें कोई स्थानीय विधायक का खास है तो किसी लोक निर्माण मंत्री का खास है तो किसी का पारिवारिक बैकग्राउंड बहुत तगड़ा है।

### इन विशेषताओं के आधार पर होगी नियुक्ति

जानकारी के अनुसार संगठन द्वारा जमीनी पकड़, नेतृत्व में तालमेल भविष्य की चुनावी रणनीति को समझने की शक्ति, सामाजिक व जातिगत संतुलन के साथ युवाओं में स्वीकार्यता को मद्देनजर रखते हुए भाजयुमो जबलपुर के अध्यक्ष के नाम का ऐलान करेगा। अब युवाओं की पूरी निगाहें संगठन की अंतिम घोषणा पर टिकी है। इसके अलावा संगठन उम्र की सीमा और परिवारदवाद को लेकर भी गहन चिंतन कर रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि संगठन में परिवारवाद को जगह मिलना मुश्किल होगी।

# करोड़ों की धान का भुगतान आज तक नहीं मिला

**महीनों पहले हुई तौल, खाते में नहीं पहुंची राशि, किसानों में नाराजगी**

**नवभारत,जबलपुर।** जिले के किसानों से खरीदी गई धान के भुगतान में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई है। दिसंबर से सेवा सहकारी समिति और वेयरहाउस परिसर में धान खरीदी शुरू हुई थी। किसानों को बोरी और क्विंटल के हिसाब से तौल पर्ची दी गई थी,



जिसमें लिखा था कि 8-10 दिन में उनके बैंक खातों में राशि जमा हो जाएगी। खरीदी खत्म हुए लगभग एक महीने होने वाले हैं बावजूद कई किसानों के खाते खाली हैं।

### रोज लगा रहे बैंक के चक्कर,हो रही परेशानियां

किसानों ने बताया कि वह रोज़ बैंक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई राशि नहीं मिली। उनका कहना है गेहूं, चना, मसूर और अन्य फसलों की तैयारी के लिए रोजाना नकद खर्च की जरूरत होती है। नगद न होने की वजह से किसान नई फसल की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

### 2024-25 की फसल का भी भुगतान लंबित

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साल 2024-25 के लिए धनाड़ी मां रेवा वेयरहाउस में 90 से अधिक किसानों का करीब 1.39 करोड़ रुपए का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को जब पूछा जाता है तो उनका कहना है यह राशि किसानों के खातों में जल्द ही जमा कर दी जाएगी।

## ट्रेन से कटे युवक की मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत शोभापुर तिनपुलिया के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वे किसी हादसे का शिकार हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बीती रात रात्रि 10-15 बजे शोभापुर अधारताल के बीच तिनपुलिया के पास लखन लाल रजक 30 वर्ष निवासी व्हीकल मोड व्हीएफजे की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।




# गैस गोदाम खुलवाने जमा किए 1 लाख रुपए

**5 मार्च तक पूरी बकाया राशि चुकाने के आश्वासन पर खोला गया ताला**

**नगर निगम की सख्ती का दिखने लगा असर**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाए जा रहे वसूली अभियान का असर देखने को मिल रहा है। निगम की 'तालाबंदी और कुर्की' की कार्यवाही से करदाताओं के बीच संदेश गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब बकायादार खुद आगे आकर कर अदायगी कर रहे हैं।

नगर निगम संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले मदन महल वार्ड क्रमांक 15 में शनिवार को एक बड़ी कारवाई कर बघेला कंपनी के गैस गोदाम पर संपत्ति कर की भारी राशि बकाया होने के कारण निगम की टीम ने तालाबंदी की थी।



निगम की इस मुस्तैद कार्यवाही को देखते हुए करदाता ने सकारात्मक रुख अपनाया और कुल 2 लाख 60 हजार रुपये के बकाया में से 1 लाख रुपये का चैक तुरंत मौके पर संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को सौंपा एवं शेष राशि को 5 मार्च तक जमा करने का लिखित आश्वासन और मोहलत मांगी गई। करदाता की ओर से आए इस सकारात्मक सहयोग के बाद, संभागीय अधिकारी ने भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए और राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए गोदाम का ताला खोलने के निर्देश दिए। जिसके बाद सज गैस गोदाम का ताला खोला दिया गया है।
















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57